**प्रेस नोट संख्या-62**
**दिनांक 16.11.2023**
**सराहनीय कार्य थाना जगदीशपुर पुलिस**
**चोरी का खुलासा, चोरी की 35 कुन्तल सरिया के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार।**

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 16.11.2023 को उ0नि0 हरिबाबू गिरि थाना जगदीशपुर मय हमराही द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन, तलाश वांछित/वारण्टी के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नइया नाले के पुल ग्राम पूरे सधई मजरे मद्दूपुर में पुल निर्माण हेतु रखी सरिया चोरी करने वाले 04 व्यक्ति सरिया बेचने की फिराक में नौडाड़ स्थित एक होटल पर बैठे हैं। उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मुखबिर के बताये स्थान (नौडाड़ स्थित होटल) से 02 अभियुक्तों को समय करीब 02:30 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया एवं 02 व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम 1.सत्तार अली पुत्र करमशेर अली निवासी पूरे सधई मजरे मद्दूपुर उमरवल थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 47 वर्ष व 2.गिरीश चन्द्र पुत्र स्व0 प्रेम चन्द्र निवासी पूरे सधई मजरे मद्दूपुर उमरवल थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 45 वर्ष बताया। भागने वाले व्यक्तियों संबंध में पूछने पर अभियुक्तों ने बताया कि जो दो लोग भाग गये हैं उनका नाम व पता 1.मोहनलाल पुत्र रोधई निवासी मद्दूपुर उमरवल थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी व 2.ठेकेदार अखिलेश सिंह निवासी ग्राम सरवन थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी है। भागने का कारण पूछने पर गिरफ्तार अभियुक्तों नें बताया कि हम दोनों लोगों ने मोहनलाल उपरोक्त व ठेकेदार अखिलेश सिंह उपरोक्त के साथ मिलकर नइया नाले के पुल ग्राम पूरे सधई मजरे मद्दूपुर में पुल निर्माण हेतु रखी 40 कुन्तल सरिया चोरी की थी जिसमें से 15 कुन्तल सरिया सत्तार अली के मकान के बेसमेंट की छत पर छिपा कर रखी है व 10 कुन्तल सरिया गिरीश चन्द्र के मुर्गी फॉर्म पर व 10 कुन्तल सरिया मोहनलाल के शौचालय के पास छिपा के रखी है तथा 05 कुन्तल सरिया हाईवे पर एक गाड़ी वाले को बेच दिया था जिससे मिले रुपये 8,000/- को आपस में चारों लोगों नें बांट लिया था।

गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर उपरोक्त स्थानों से कुल 35 कुन्तल सरिया बरामद की गयी। अभियुक्तों एवं बरामदगी के संबंध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–**

1. सत्तार अली पुत्र करमशेर अली निवासी पूरे सधई मजरे मद्दूपुर उमरवल थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 47 वर्ष।
2. गिरीश चन्द्र पुत्र स्व0 प्रेम चन्द्र निवासी पूरे सधई मजरे मद्दूपुर उमरवल थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 45 वर्ष।

**वांछित अभियुक्तों का नाम व पता-**

1. मोहनलाल पुत्र रोधई निवासी मद्दूपुर उमरवल थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
2. अखिलेश सिंह निवासी ग्राम सरवन थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी ।

**बरामदगी-**

- 35 कुन्तल सरिया।

**पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही–**

- मु0अ0सं0 420/23 धारा 379,411 भादवि थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 हरिबाबू गिरी थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 राजेश कुमार थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
3. हे0का0 विजयभान सिंह थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
4. हे0का0 बाबूराम वर्मा थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
5. का0 विनोद कुमार थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।

PRESS NOTE